सार-समाचार

'होम्योपैथिक बिना साइड इफैक्ट के स्थाई इलाज की पद्धति'

चूरू (निसं)। शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोशियेशन की ओर से राजीव मार्केट स्थित श्रद्धा होम्यो. एण्ड योगा सेन्टर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमन की 271वीं जयन्ती व विश्व होम्योपैथी दिवस शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। होम्योपैथी युनिवर्सिटी जयपुर के संरक्षक व सलाहकार डॉ. अमरसिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में होम्योपैथ्स ने डॉ. हैनिमन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदयवीर शर्मा द्वारा रचित डॉ. हैनिमन की वंदना प्रस्तुत कर व एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सचिव डॉ. बी. के. शर्मा ने बताया कि होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युअल हैनिमन का जन्म जर्मनी के सेक्सोनी मेशन में गरीब कुम्भकार के घर 10 अप्रैल 1755 में हुआ। गरीबी से संघर्ष कर होम्योपैथी चिकित्सा पद्धित का आविष्कार कर उन्हांने दुनिया को एक नई दिशा प्रदान की। शेखावाटी होम्योपैथी के पुरोधा डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि हिन्दुस्तान में होम्योपैथी का प्रचार-प्रसार होते हुए भी इस चिकित्सा पद्धित द्वारा पीड़ित मानव की सेवा की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. शेखावत ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा वैज्ञानिक, कारगर, सुलभ, बिना साइड इफैक्ट के स्थायी इलाज की पद्धित है। इसका भारत तथा विदेशों में तीव्र गति से विकास हो रहा है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. बी.एल. गौड. ने आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष नायक, डॉ. प्राची शाकद्वीप, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. कौशल, डॉ. डी. दास, डॉ. हर्षवर्द्धन शेखावत, डॉ. राकेश, विनोद क्याल, केवल चैनाणी, जे.के. सीकरिया, नीरज जोशी, विजय कुमार गोस्वामी, एस.एम. सैनी, पवन ठठेरा, विजय शर्मा आदि ने डॉ. हैनिमन को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पदयात्रा को लेकर जनसंपर्क किया

नोहर, (निसं)। आगामी 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली संविधान पदयात्रा को लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। पदयात्रा को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टोलियों ने गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने का आव्हान किया। अम्बेडकर छात्र संघ के साथियों ने जबरासर, पांडुसर, गोगामेड़ी, उदासर, जोजासर, खुइयाँ, भावलदेसर, जोखासर, रानीसर, बाछूसर, मंदरपुरा और गोरखाना सहित कई गांवों में पहुंचकर लोगों को संविधान पदयात्रा के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों को बाबा साहेब के विचारों और संविधान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। वहीं शहरी क्षेत्र में नवयुवक संघ के कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर युवाओं और आमजन को पदयात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यकर्ता ने विधायक अमित चाचाण को पदयात्रा को लेकर निमंत्रण दिया।डॉ अंबेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष राधेश्याम जोईया ने बताया कि 14 अप्रैल को निकाली जाने वाली यह पदयात्रा सामाजिक एकता, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की।

सफाई मित्रों की प्रशिक्षण कार्यशाला

सीकर (निसं)। सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर परिषद सीकर द्वारा 8 अप्रैल 2026 बुधवार को वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशानुसार परिषद सभागार में सभी सफाई मित्रों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अधिशाषी अभियंता नागरमल ने सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए स्वच्छता कार्यों के दौरान सुरक्षा एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई करते समय सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से मास्क एवं हाथों में ग्लव्स का उपयोग करें, जिससे उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही उन्होंने सफाई मित्रों को आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वार्डवासियों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें तथा कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए समझाएं। कार्यशाला में यह भी निर्देश दिए गए कि शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छ एवं सुंदर सीकर के निर्माण में सहभागी बनाया जाए। नगर परिषद सीकर द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

शीतला माता का मेला भरा

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे के निकट ग्राम पंचायत बागोरा में शुक्रवार को शीतला माता का मेला भरा। शीतला माता के मंदिर को फूलों से सजाया गया।शुक्रवार को सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने शीतला माता के दर्शन किए। बागोरा, गिरावडी, छापोली, कोटडी, मंडावरा, भैरोंघाट, उदयपुरवाटी, नांगल, इंद्रपुरा, गोरिया, धनावता, नीम का जौहड सहित आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की और आशीर्वाद लिया। घर पर गुरुवार रात को चावल, हलवा, पुडी, बाजरा, मूंग, मोठ, गुलगुले, बाजरे की रोटी राबडी आदि बनाए गए ठंडे पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया। महिलाओं ने परिवार की खुशहाली के लिए शीतला मैया के चरणों में ठंडा पानी सिलाया । महिलाएं सिर पर जलती सिगड़ी लेकर नंगे पांव माता को धोक लगाने आई। शीतला माता का सुबह से शाम तक पूजन हुआ और मेला भरा। मेले में कई तरह की दर्जनों स्टालो पर परिजनों ने बच्चों को खिलौने, गुबारो सहित कई तरह की चीजों की खरीददारी करवाई गई। बागोरा में शीतला माता मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पदयात्रा कर और वाहनों से आए। दिन भर श्रद्धालुओं का दर्शन करने के लिए तांता लगा रहा। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और वस्त्र आदि का दान किया।

महात्मा ज्योतिबा फुले की भव्य रैली आज

रतनगढ़ (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज रतनगढ़ में भव्य शोभायात्रा एवं विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और इसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों के अनुसार शोभायात्रा डॉ. अम्बेडकर स्टेच्यू, जिला चिकित्सालय से विधिवत रूप से प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों व मुख्य बाजारों से गुजरते हुए सैनी समाज अतिथि भवन पहुंचेगी। यहां पर विशाल जनसभा का आयोजन होगा, जिसमें समाज के प्रबुद्धजन अपने विचार व्यक्त करेंगे।शोभायात्रा में महापुरुषों की आकर्षक व भव्य झांकियां सजाई जाएंगी। इसके साथ ही डीजे, बैंड, ऊंट-घोड़ी व पारंपरिक साज-सज्जा रैली को और भव्य रूप प्रदान करेंगी। आयोजन में युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी। जयंती को लेकर पिछले कई दिनों से गांव-गांव व शहर के वार्डों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया है, जिसके चलते हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

चूरू (निसं)। सेठ जयदयाल गोयनका द्वारा स्थापित, गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा संचालित हनुमान प्रसाद पोद्दार व परम श्रद्धेय स्वामी रामसुखदास महाराज द्वारा सिंचित श्री ऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम में दो दिवसीय प्रवेशोत्सव का शुभारम्भ शनिवार को होगा। प्रबंधक ईश्वरसिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार 11 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे व दोपहर 02:30 बजे से पूज्य स्वदेश स्वरुपदास महाराज का सत्संग कार्यक्रम व सायं 8 बजे से विराट-कवि-सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जाने-माने कवि प्रस्तुतियां देंगे। दूसरे दिन प्रथम सत्र में रविवार को प्रातः 9 बजे से आश्रम के पूर्व-स्नातकों द्वारा विचार मंथन होगा व द्वितीय सत्र में ब्रह्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग नृत्य, पिरामिड प्रदर्शन, प्रज्ञा चक्षु प्रदर्शन व केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा ओलंपियाड में विजेता ब्रह्मचारियों का सम्मान किया जायेगा।

अष्टम पोषण पखवाड़ा मनाया

नोहर, (निसं)। यहां शुक्रवार को वार्ड संख्या 03 में पोषण माह के अन्तर्गत बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से शुक्रवार को अष्टम पोषण पखवाडा की रैली निकाली गई। जिसमे महिला सुपरवाइजर मनीषा पारीक ने महिलाओं एव किशोरियों को सुपोषण के बारे मे जानकारी दी । उन्हें अपना एव बच्चो को स्वस्थ रखने के लिए क्या-क्या आहार लेना चाहिए। इस पर चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यकर्ता उमा पुरोहित, कल्पना चोमवाल, शबनम, सरोज, सुमन आदि महिलाएं उपस्थित रही।

विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन किया

विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिले भर के राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया।

चूरू (निसं)। विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिले भर के राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया।

इसी क्रम में शहीद हवलदार इलाही बख्श खां रा.उ.मा. विद्यालय पीथीसर में भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला के जिलाध्यक्ष अमित सहारण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती की गई, उस आदेश को वापस लेने और ग्रीष्मकालीन अवकाश को पूर्व की तरह 17 मई से 30 जून तक करने की मांग की गई। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा में शीघ्र स्टाफिंग पैटर्न लागू करने व नव क्रमोन्नत विद्यालयों में अति शीघ्र पद सृजित करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों पर विचार नहीं किया, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगा। उन्होंने बताया कि 13 व 15 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जायेगा।

औचक निरीक्षण के दौरान कार्मिक अनुपस्थित मिले

बीदासर (निस)अतिरिक्त जिला कलक्टर सुजानगढ़ के निर्देशानुसार शुक्रवार को एसडीएम अमीलाल यादव, तहसीलदार अमर सिंह बोचला ने सरकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 10 कार्मिक अनुपस्थित मिले।

एसडीएम यादव ने तहसील कार्यालय, उपकोष कार्यालय, कृषि विभाग, खंड मुख्य चिकित्सालय कार्यालय, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, पीएचसी मणोत सीटी व जोधपुर डिस्कॉम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

वही तहसीलदार बोचला ने सीबीईओ कार्यालय, जलदाय विभाग कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार बोचला को युनानी चिकित्सक नदारद मिला। युनानी चिकित्सक लम्बे समय से बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित चल रहा है। इस मौके पर तहसीलदार ने सीएचसी की सफाई व्यवस्था, ओपीडी वार्ड, दवा वितरण केंद्र सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से बातचीत कर हाल चाल पूछे।

औचक निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति में 6, नगर पालिका कार्यालय में एक, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में एक, मणोत सीटी डिस्पेंसरी में एक और सीएचसी में एक कार्मिक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित मिले सभी कार्मिकों को नोटिस दिए गए।

उत्तर पश्चिम रेलवे
शुद्धि-पत्र
सं. 69-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/2026-27 दिनांक 06.04.2026
उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से भेजी गई ई-निविदा सं 01-EL-BKN-E-Tender-26-27 जो दिनांक 29.04.2026 को खुलना प्रस्तावित है में संसोधन किया गया है। अब यह दिनांक 30.04.2026 को खोला जाएगा। बाकी सभी शर्ते यथावत रहेंगी।
वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (सा) बीकानेर
513-CR/26 मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे
/NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

प्रतिबंधित टेबलेट/कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

नोहर, (निसं)। शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना नोहर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक पृथ्वी सिंह नरुका के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए जायद पुत्र गफूर दिन कुम्हार निवासी वार्ड नंबर 28 को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 405 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट/कैप्सूल (प्रेगाबालिन व टैपेंटाडोल) बरामद की गई हैं। पुलिस ने इस संबंध में की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नशीली दवाओं की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं। कार्रवाई में उपनिरीक्षक पृथ्वी सिंह नरुका, हेड कांस्टेबल सुभाष, हेड कांस्टेबल कालूराम, कांस्टेबल रामहरी कांस्टेबल राजकुमार शामिल थे। उपनिरीक्षक पृथ्वी सिंह नरुका ने बताया कि अवैध नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

सीकर, (निसं)। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना के अंतर्गत जिले में 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जागृति सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 अप्रैल, 2026 को महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीकर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक जगन जी चाहर के समन्वय से किया गया।

केंद्र प्रबंधक नीलम कुमारी एवं रिचा पारीक ने विभिन्न सरकारी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य घटते बाल लिंगानुपात में सुधार करना, लैंगिक भेदभाव को रोकना तथा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि लिंग चयन जैसी अवैध गतिविधियों पर कानून द्वारा कठोर दंड का प्रावधान है। बार-बार गर्भपात कराने से माताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। मुखबिर योजना के अंतर्गत 3 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है, जिससे भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

कार्यक्रम में कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि जो बालिकाएं एवं महिलाएं किसी कारणवश विद्यालय नहीं जा पाती हैं, वे घर पर रहकर परीक्षा उत्तीर्ण कर सकती हैं। इस योजना में एक बार आवेदन करने के पश्चात पांच वर्षों में नौ बार परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया जाता है।

मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत 16 से 40 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं एवं महिलाएं आरएससीआईटी, टैली तथा स्पोकन इंग्लिश में से किसी एक कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, हिंसा से पीड़ित एवं दिव्यांग महिलाओं को 30 प्रतिशत तथा सामान्य महिलाओं को 25 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान है।

लाडो प्रोत्साहन योजना, जो 1 अगस्त, 2024 से लागू है, के अंतर्गत बालिका को जन्म से लेकर 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक सात किश्तों में कुल 1.50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिससे बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना के तहत महिलाएं घर से कार्य कर अपने परिवार की आजीविका में योगदान दे सकती हैं। इस योजना में विभाग द्वारा पंजीकृत कंपनियों, एनजीओ एवं संस्थानों को प्रति महिला 3 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जिससे महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम के दौरान घरेलू हिंसा, वन स्टॉप सेंटर, पीएसएसके एवं एमएसएसके केंद्रों की जानकारी भी दी गई तथा राजकॉप सिटीजन ऐप के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई

पाटन (निसं)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने बताया कि महात्मा फुले का जीवन समाज में समानता और शिक्षा के प्रसार के लिए प्रेरणादायक रहा है। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने अपने संबोधन में फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके सिद्धांतों को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने तथा उसके विकल्पों की तलाश करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए महाविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त कैंपस बनाने का संकल्प दिलाया।राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी सहायक आचार्य किरण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बेदखली सूचना यह कि अशोक कुमार, राजेश कुमार उर्फ धोलू व मुकेश कुमार मेरे सगे पुत्र है व बाला पत्नी अशोक कुमार, रेखा पत्नी राजेश कुमार उर्फ धोलू व सरस्वती पत्नी मुकेश कुमार मेरी पुत्रवधुए है। मेरे उक्त तीनो पुत्र व उक्त तीनों पुत्रवधुएं बदमाश व आवारा किस्म के है जो मेरे कहने सुनने में नहीं है। जब भी मैं अपने पुत्रों व पुत्रवधुओं को नेक चाल चलन की नसीहत देता हूँ तो मेरे उक्त पुत्र व मेरी उक्त पुत्रवधुएं मेरी सम्पति को हड़प करने की नियत से मुझे मारने पर उतारू है, मेरी वृद्धावस्था का फायदा उठाकर मुझे खाना भी नहीं देते है। इस कारण मैं मेरे तीनों पुत्रों अशोक कुमार, राजेश कुमार उर्फ धोलू व मुकेश कुमार तथा अपनी पुत्र वधुओं बाला पत्नी अशोक कुमार, रेखा पत्नी राजेश कुमार उर्फ धोलू व सरस्वती पत्नी मुकेश कुमार से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए मेरे पुत्रों व पुत्रवधुओं को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद से मेरे पुत्रों व मेरी पुत्रवधुओ से मेरा किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रहा है व ना ही मेरी सम्पति में इसका कोई हक अधिकार रहा है। इसलिए सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त पुत्रों व मेरी उक्त पुत्रवधुओं के साथ कोई व्यक्ति, संस्था, गैर सरकारी संस्था, सरकारी संस्था या अन्य कोई निकाय या समाज कोई भी किसी प्रकार का सम्बन्ध रखता है या संव्यवहार करता है या रूपयों का लेनदेन करता है तो इसमे मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी, संव्यवहार करने वाले स्वयं की जिम्मेदारी होगी। दिनांकः-10.04.2026 शपथग्रहिता-मोहनलाल आयु 81 साल पुत्र बालूराम जाति प्रजापत निवासी वार्ड सं. 37, कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

राजलदेसर (निसं)। कस्बे की निजी शिक्षण संस्था श्री राम विद्यालय का 34 वां स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् दुर्गादत्त दाधीच ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हेमराज बेरवा (कनिष्ठ अभियंता, विद्युत विभाग) उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में नरेंद्र बैद, राजस्थान गौ ग्राम सेवा संघ के अध्यक्ष ललित दाधीच, निजी शिक्षण संस्थान राजलदेसर तहसील अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत, वीरेंद्र लाटा, अंजू खेडीवाल (प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर), रामौतार सोनी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सुशील शर्मा, एडवोकेट मनोज शर्मा, मनोज मारू, भवानी सिंह गोलसर, डॉ. हीरालाल सोनी, नगराज प्रजापत सहित अन्य गणमान्यजन मंचासीन रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का साफा पहनाकर एवं श्रीराम की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल 43 छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु पुरस्कृत किया गया, वहीं 35 विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में दुर्गादत्त दाधीच ने विद्यालय द्वारा संस्कारयुक्त शिक्षा के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर भागीरथ सुथार, ओमप्रकाश मीणा, पवन बोथरा, कालूराम सुथार, सांवरमल सुथार, जुझारदान चारण, दिनेश भार्गव, बाबुलाल पडवा, अजीत सुथार , गणेश सोनी, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह , राजेश सोनी, श्रवण मोडसरा, महावीर पारीक सहित अनेकों संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जीतू राम मेघवाल, जितेंद्र स्वामी एवं पिंकी सोनी द्वारा किया गया।

पेंशनरों की समस्याओं के निवारण हेतु शिविर 13 को

हनुमानगढ़, (निसं)। दूर-दराज क्षेत्रों के पेंशनरों को अब अपनी परिवेदनाओं के समाधान के लिए संभागीय कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। जिला कोषालय हनुमानगढ़ में 13 अप्रैल, 2026 को पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

पेंशनभोगी लंबे समय से जन्मतिथि निर्धारण, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन तथा बकाया एरियर भुगतान जैसी समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क कर रहे थे। इन शिकायतों में से कई मामलों का निस्तारण जिला स्तर पर ही संभव होने के कारण यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला कोषाधिकारी श्री कृष्ण कुमार ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं, ताकि अधिक से अधिक पेंशनर इसमें अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। जन्मतिथि निर्धारण और पारिवारिक पेंशन संबंधी आवेदन पत्रों के निर्धारित प्रारूप पहले ही पेंशनर्स समाज को उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिससे शिविर के दिन पेंशनर सीधे निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। कोषालय के कर्मचारियों को भी मौके पर समाधान योग्य मामलों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

रामोत्सव यात्रा में महत्ति भूमिका निभाने वाले युवाओं का सम्मान

नोहर, (निसं)। यहां शुक्रवार को कस्बे में गत दिनों निकाली गई विराट रामोत्सव धर्मयात्रा की अभूतपूर्व सफलता के बाद श्रद्धा और उत्साह का माहौल और भी प्रबल हो गया। इसी उत्साह को आगे बढ़ाते हुए शादीराम पचीसिया संस्कृत पाठशाला में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें धर्मयात्रा में श्रमदान व सहयोग करने वाले युवक-युवतियों का सम्मान कर उनकी सेवा भावना को सराहा गया। समाजसेवी एवं भामाशाह सुरेश पांडिया ने बताया कि जगदंबा साडी सेंटर के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में युवाओं को सम्मान पत्र व पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं दुर्गा वाहिनी के रूप में सेवा देने वाली बेटियों को दुपट्टा ओढाकर विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में धर्मयात्रा संयोजक रमेश वडसीवाल एवं भालाराम खाती का विशेष सम्मान किया गया। भालाराम खाती एवं उनकी टीम ने इस विराट आयोजन में चौक-चौराहों की सजावट सहित अनेक व्यवस्थाओं को पूरी निष्ठा और तन्मयता से संभालकर यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विचार्य विषयों के निर्धारण के लिये प्रतिवादी के नाम
आव्हान-पत्र
(आर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)
न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय तारानगर (चूरू)
मु. सं.- 640 सन् 2016
करणी सिंह बनाम बच्चन सिंह आदि
1. लिछा कंवर पुत्र सुपारी पुत्री उदयसिंह, 2. संतोष पुत्री सुपारी पुत्री उदयसिंह, 3. सरोज कंवर पुत्री उम्मेदसिंह, 4. मानसिंह पुत्र सुपारी पुत्री उदयसिंह जाति राजपूत निवासीगण चंगोई तहसील तारानगर जिला चूरू
क्योकि. वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद खाता विभाजन का दायर किया गया है अत- आपको दावे का उतर देने के लिये ता 16-04-26 समय 10 बजे दिन के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमे हाल से परिचित किया किया गया है मुकदमे सम्बधी समस्त महत्वपुर्ण प्रश्नों के उतर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिये आमंत्रित किया जाता है।
ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित नही हुये तो आपकी अनुपस्थिती में सुनकर निर्णय कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय को मुद्रा युक्त दिनांक 09-04-26 को जारी किया गया है।
मोहर अदालत
रीडर उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर
क्रमांकः-नपार/2025-26/17-19 दिनांक : 01.04.2026
आपत्ति विज्ञप्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत नगरपालिका रतननगर शहर के समस्त वार्डो को ऑडिफ ODF+ घोषित किया जा रहा है। यदि उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 05 दिवस के समयवधी में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करे बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए स्वच्छता ऐप डाउनलोड करे।
राज.संवाद/सी/26/631 अधिशाषी अधिकारी

घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर रसद विभाग की कार्रवाई

सीकर, (निसं)। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेन्द्र पाल ने बताया कि खाद्य विभाग जयपुर एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार 8 अप्रैल 2026 को जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन स्टाफ द्वारा सीकर शहर में होटल, रेस्टोरेंट, भंडारा एवं रसोई आदि स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग की रोकथाम के लिए गठित जांच दल द्वारा आकस्मिक जांच कर कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक सुरभि मीणा एवं अनुराग बेरवाल द्वारा 7 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें 14.2 किलोग्राम क्षमता के कुल 13 घरेलू गैस सिलेंडर होटल परिसरों में असुरक्षित तरीके से चाय-नाश्ता एवं भोजन बनाने में उपयोग किए जाते पाए गए।

इस पर गोविंद ढाबा से 1, रॉयल सिटी रेस्टोरेंट से 3, भवानी चाट भंडार से 1, बर्गर होम से 1, अमृतम रेस्टोरेंट से 1, जायका रेस्टोरेंट से 4 तथा रॉयल किंग से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। मौके पर प्रतिष्ठानों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तथा संतोषजनक उत्तर भी नहीं दिया गया।

■ 13 गैस सिलेंडर जब्त किये

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने विक्रय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिना ओटीपी एवं बुकिंग के अनुरूप आपूर्ति करने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों एवं गोदामों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने उपखंड अधिकारियों एवं खाद्य विभाग के प्रवर्तन दलों को गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों के नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं उद्योगों को पाइपलाइन गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करने के उपरांत ही व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी।

पाइपलाइन गैस आपूर्ति के चीफ मैनेजर दुष्यन्त मनी ने बताया कि पाइपलाइन गैस कनेक्शन आसानी से उपलब्ध है तथा एलपीजी गैस की तुलना में सस्ता है। इसमें बुकिंग की आवश्यकता नहीं होती तथा आपूर्ति निरंतर बनी रहती है। यह सुविधा अब घरों के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, छात्रावास एवं स्कूलों को भी उपलब्ध कराई जा रही है।

जिला कलेक्टर द्वारा उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखेगी तथा गैस एजेंसियों की जांच भी करेगी।

साथ ही सभी अधिशासी अधिकारियों, नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं को नगरीय क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नंबर 181, 112 एवं विभागीय हेल्पलाइन नंबर 14435 प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 01572-251008 है।

जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की मांग एवं आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है।

उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक बुकिंग या घरेलू गैस सिलेंडरों का संग्रहण न करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से भयभीत न हों।

कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू) राज0
क्रमांक : न.पा./र.तननगर/2025 -26/14-16 -: आम सूचना :- दिनांकः 01.04.2026
नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 एवं राजस्थान नगरपालिका (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) उपविधियाँ 2019 की पालना में उक्त उपविधियों के उल्लंघन मे किए गए कृत्यों के लिए निम्नांकित निर्धारित मौके पर जुर्माना वसूली योग्य :-

क्र.स.	कृत्य	नगरपालिका
1.	रहवासीय भवनों के निवासियों द्वारारोड/गली में कचरा फैलाने (Littering) पर	50 रूपये प्रतिदिन
2.	दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर	250 रूपये प्रतिदिन
3.	रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा खुला कचरा डलाने	500 रूपये प्रतिदिन
4.	होटल मालिकों द्वारा कचरा डालने पर	500 रूपये प्रतिदिन
5.	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा डालने पर	1500 रूपये प्रतिदिन
6.	हलवाई, चाट, पकोडी, फास्ट फूड आईसक्रीम गन्ने का रस एवं अन्य ज्यूस सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	50 रूपये प्रतिदिन
सार्वजनिक स्थानों /रोड/गली मे गंदगी (Littering) करने पर		
7.	(i) थूकने पर	50 रूपये एक बार
	(ii) खुले मे नहाने पर	50 रूपये एक बार
	(iii) खुले में पेशाब करने पर	50 रूपये एक बार
	(iv) खुले में शौच करने पर	100 रूपये एक बार
	(V) गोबर डालने पर	1500 रूपये एक बार
8	निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री, ईंट, सीमेन्ट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर	250 रूपये प्रतिदिन
9	निजी ट्रेक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए पालिका की सडकों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	250 रूपये प्रतिदिन
10	सरकारी भवनों, चौराहो एवं बाहर चारदीवारी की दीवारों व उनके गेटो पर निजी वाणिज्यक प्रचार-प्रसार हेतु प्रोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके परपाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	1000 रूपये प्रतिदिन
11	बिना सक्षम स्वीकृति के रोड कट करने पर	1500 रूपये प्रतिफिट
12	अपने मकानों का गन्दे पानी का निकास आम सडक पर करने पर	1500 रूपये प्रतिदिन
13	दुकानदारों अथवा ठेला व्यवसायियों द्वारा सडक पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेयरिंग कर ऑयल मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर	250 रूपये प्रतिदिन
14	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गए जानवरों की हडिडयां, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सडक, आम रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर	1000 रूपये प्रतिदिन
15	आमरास्ता, सड़क व मकान के सामने गाय, भैस, बकरी, कुत्ते, भेड, ऊट, गधा, घोडे, सुअर, इत्यादि पालतु जानवरों से गन्दगी फैलाने पर	500 रूपयेप्रतिदिन
16	शादि/विवाहस्थलों द्वारा बाहर कचरा डालने पर	1000 रूपये प्रतिदिन
17	आमरास्ता, सडक पर खेले में या टेन्ट लगाकर खुले आम मांस-मछलीपकाने व अंश सड़क पे डालने व गन्दगी फैलाने पर	500 रूपयें प्रतिदिन
18	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सडक के किनारे बैठकर सब्जियां बेचकर छिलके व अंश सडक पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	50 रूपये प्रतिदिन
19	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सडक व गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर	50 रूपये प्रतिदिन
20	दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता, सडक अथवा दुकानों के सामने की खाली, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर	1500 रूपये प्रतिदिन
21	आम रास्ता, सडक, फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा चला कर गन्दगी फैलाने पर	250 रूपये प्रतिदिन
22	प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लिनिक, दवाखाना इत्यादि द्वारा आम रास्ता, सडक व फुटपाथ पर गन्दगी फैलाने पर	500 रूपये प्रतिदिन
23	संस्थान / व्यावसायिक प्रतिष्ठान (शैक्षणिक संस्थान, ऑफिस, होटल, दुकान, रेस्टोरेन्ट, मिठाई दुकान, ढाबा, मन्दिर, ओधोगिक, प्रतिष्ठान, मेरिजहॉल, मेरिज गार्डन, बेम्वेट हॉल इत्यादि द्वारा प्लास्टिक कचरे को बाहर फेकने पर	2000 रूपये प्रतिदिन
24	व्यक्तियों/घरों तथा दुकानों द्वाराप्लास्टिक कचरे को बाहर फेकने पर	500 रूपये प्रतिदिन
25	प्लास्टिक कचरा जलाने पर	100 रूपये प्रतिदिन
26	प्लास्टिक कैरी बेग को उपयोग करते पाये जाने पर	50 रूपये प्रतिदिन

राज.संवाद/सी/26/685 अधिशाषी अधिकारी